भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 246
सोमवार, 05 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)

बेरोजगारी में वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों में कमी

246. श्री रामशिरोमणि वर्मा:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान देश में पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों में कमी के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2020-21, वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) क्रमशः 4.2%, 4.1% और 3.2% थी। यह आंकड़ों दर्शाते हैं कि देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2020-21, वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) क्रमशः 52.6%, 52.9% और 56.0% था। यह आंकड़ों दर्शाते हैं कि रोजगार को दर्शाने वाले कामगार जनसंख्या अनुपात में पिछले कुछ वर्षों में वृद्धि की प्रवृत्ति है।

वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर व्यापक उद्योग प्रभाग-वार कामगारों का अनुमानित प्रतिशत वितरण अनुबंध में दिया गया है।

*****

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 05.02.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 246 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर व्यापक उद्योग प्रभाग-वार कामगारों का अनुमानित विवरण (% में)

क्र. सं.	एनआईसी-2008 के अनुसार व्यापक उद्योग-वार	2020-21	2021-22	2022-23
1	कृषि	46.5	45.5	45.8
2	खनन एवं उत्खनन	0.3	0.3	0.3
3	विनिर्माण	10.9	11.6	11.4
4	बिजली, पानी, आदि।	0.6	0.6	0.5
5	निर्माण	12.1	12.4	13.0
6	व्यापार, होटल एवं रेस्तरां	12.2	12.1	12.1
7	परिवहन, भंडारण एवं संचार	5.4	5.6	5.4
8	अन्य सेवाएं	12.0	11.9	11.4

स्रोत- पीएलएफएस- एमओएसपीओई